CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

□ वर्ष- 29 □ अंक- 300 □ रायपुर, बुधवार 25 नवम्बर 2026 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

संविधान दिवस पर कल कांग्रेस का देशव्यापी मार्च

नई दिल्ली, 25 नवम्बर (न्यूज चैनल)। संविधान की रक्षा के लिए चलाए जा रहे अपने अभियान के तहत, कांग्रेस 26 नवंबर को संविधान दिवस के मौके पर सभी राज्यों में बड़े पैमाने पर संविधान रक्षा मार्च आयोजित करेगी। यह जानकारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता लखनऊ में एक रैली करेंगे, जो 2027 में होने वाले राज्य चुनावों से पहले एक महत्वपूर्ण संदेश देगी।

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने एक बयान में कहा कि हर प्रदेश कांग्रेस समिति (पीसीसी) अपने-अपने राज्य में यह मार्च आयोजित करेगी, और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 26 नवंबर को लखनऊ में होने वाले मार्च में शामिल होंगे। हर मार्च की शुरुआत बाबासाहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर या महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास से होगी, जो संविधान की रक्षा के प्रति कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। राष्ट्र निर्माताओं को श्रद्धांजलि देने के बाद, कांग्रेस कार्यकर्ता और नागरिक मिलकर संविधान की प्रस्तावना (प्रिएम्बल) पढ़ेंगे। इस दौरान वे न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों को याद करेंगे और संविधान की रक्षा करने की शपथ लेंगे। इन मार्चों के साथ-साथ, कांग्रेस कार्यकर्ता %वोट रक्षक% अभियान के तहत हर मतदान केंद्र (पोलिंग बूथ) तक पहुंचेंगे। वे उन मतदाताओं की पहचान करेंगे जिनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं, और उन्हें अपना वोट देने का अधिकार वापस पाने में मदद करेंगे।



एसआईआर के विरोध में होगी रैली : वेणुगोपाल

राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, हाईकोर्ट के सीबीआई और ईडी जांच के आदेश को किया रद्द



नई दिल्ली, 25 नवम्बर (न्यूज चैनल)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कथित आय से अधिक संपत्ति की ष्टङ्कष्ठ और श्वष्ठ जांच का इलाहाबाद हाई कोर्ट का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया है. चीफ जस्टिस सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले को नए सिरे से विचार के लिए दोबारा हाई कोर्ट भेजा. सुप्रीम कोर्ट ने मामले में राहुल गांधी को भी पक्षकार बनाने का निर्देश दिया है. यह मामला कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर की शिकायत से जुड़ा है.

भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने आरोप लगाया था कि राहुल गांधी के पास उनकी ज्ञात आय के स्रोतों से अधिक संपत्ति है. इसी शिकायत के आधार पर इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी. 12 मई 2026 को हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ ने सीबीआई और ईडी को शिकायत में लगाए गए आरोपों का कानून के मुताबिक सत्यापन करने का निर्देश दिया था. हाई कोर्ट ने कहा था कि यदि शिकायत जांच एजेंसियों को मिली है तो वे उसमें लगाए गए आरोपों की कानूनी प्रक्रिया के तहत जांच करें. साथ ही सीबीआई और ईडी को कानून के अनुसार उचित कदम उठाने की छूट दी थी.

ब्रेकिंग न्यूज

तुर्किए में वायुसेना का हेलीकॉप्टर क्रैश, 5 जवानों की मौत



नई दिल्ली, 25 नवम्बर (न्यूज चैनल)। तुर्किए की वायुसेना का एक सैन्य हेलीकॉप्टर मंगलवार शाम पश्चिमी तुर्किए में प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में चालक दल के पांच सदस्यों की मौत हो गई। तुर्किए के रक्षा मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है।रक्षा मंत्रालय के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर,स-532 कूगर श्रेणी का था। यह एस्कीशेहिर स्थित वायुसेना के प्रथम मुख्य जेट बेस कमान से प्रशिक्षण उड़ान के लिए रवाना हुआ था। उड़ान भरने के कुछ समय बाद ही यह दुर्घटना का शिकार हो गया।रक्षा मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि वायुसेना का,स-532 हेलीकॉप्टर एस्कीशेहिर से प्रशिक्षण के उद्देश्य से उड़ान भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

2.20 करोड़ के साइबर फ्राड मामले में तीन आरोपियों को झटका, हाईकोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका

बिलासपुर, 25 नवम्बर (न्यूज चैनल)। छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक से जुड़े 2.20 करोड़ रुपये के साइबर फ्रॉड मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मामले में आरोपी अभिलाष कुमार डेनियल, आशीष तिवारी और नरेंद्र कुर्रे की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी है। तीनों आरोपियों को फिलहाल जेल में ही रहना होगा। मामले के अनुसार, मई और जून 2026 के बीच बैंक खाते में करीब 2.20 करोड़ रुपये जमा किए गए और इसके बाद अलग-अलग माध्यमों से रकम निकाल ली गई। आरोप है कि साइबर ठगी की रकम के लेन-देन के लिए आरोपियों ने अपने बैंक खाते उपलब्ध कराए थे।

छत्तीसगढ़ दौरे पर आएंगे सुखदेव भगत, संविधान रक्षा मार्च में होंगे शामिल



रायपुर, 25 नवम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ कांग्रेस में संगठनात्मक सक्रियता और जनसंपर्क की कवायद तेज हो गई है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत दो दिवसीय दौरे पर 26 नवंबर को रायपुर पहुंचेंगे। दौरे के पहले दिन वे राजधानी में पार्टी की ओर से आयोजित 'संविधान रक्षा मार्च' में शामिल होंगे।

कांग्रेस संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के मुद्दे को लेकर 26 नवंबर को रायपुर में यह पैदल मार्च निकालने जा रही है। मार्च गांधी मैदान से शुरू होकर अंबेडकर चौक तक जाएगा, जिसमें प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। दौरे के दूसरे दिन यानी 27 नवंबर को सुखदेव भगत प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं के साथ महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक करेंगे। इस बैठक में संगठन की मौजूदा स्थिति, मैदानी गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर मंथन होगा। बैठक के बाद वे शाम को छत्तीसगढ़ से रवाना हो जाएंगे।

सुखदेव भगत का यह रायपुर दौरा उनके हालिया सरगुजा संभाग प्रवास के ठीक बाद हो रहा है। इससे पहले 16 से 18 नवंबर तक वे जशपुर, सरगुजा और बलरामपुर के दौरे पर थे, जहां उन्होंने कोयला खदान प्रभावित ग्रामीणों से सीधा संवाद किया था। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ने मैनपाट-उदयपुर क्षेत्र में जन चौपाल लगाई। सलही में पीईकेबी, परसा, केते एक्सटेंशन और तारा कोयला खदान से प्रभावित ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। जिसके बाद अंबिकापुर स्थित राजीव भवन में संगठनात्मक बैठक ली और इसके बाद बलरामपुर के राजपुर में जन चौपाल में शामिल हुए।

दूसरे दिन संगठन की बैठक

कांग्रेस के नए सह प्रभारियों का पहला दौरा आज

छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नवनियुक्त सह प्रभारी हरनाम सिंह और जितेंद्र बघेल आज अपने पहले दौरे पर रायपुर पहुंचेंगे. दोनों सह प्रभारी दोपहर 3 बजे दिल्ली से रायपुर आएंगे. एयरपोर्ट से सीधे गांधी मैदान जाएंगे, जहां संविधान रक्षा मार्च के आयोजन स्थल का निरीक्षण करेंगे. दोनों नेता कल आयोजित होने वाले संविधान रक्षा मार्च कार्यक्रम में भी शामिल होंगे.

शराब घोटाला का फरार आरोपी विकास अग्रवाल उर्फ सुब्बू दुबई में पकड़ाया



रायपुर, 25 नवम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है. फरार आरोपी विकास अग्रवाल उर्फ सुब्बू (शिब्बू) को दुबई में गिरफ्तार किया गया है, जिसके बाद उसे अब युनाईटेड अरब अमीरात से भारत लाने की तैयारी चल रही है.

शराब घोटाले का मुख्य आरोपी विकास अग्रवाल साल 2023 से फरार चल रहा था, जिसके हफ्तेभर पहले दुबई में गिरफ्तारी हुई थी, चूंकि दुबई में यूएई का कानून लागू होता है, जिसकी वजह से यूएई सरकार फरार विकास अग्रवाल को भारत भेज रही है, जिसे लाने के लिए एसीबी-ईओडब्ल्यू चीफ अमरेश मिश्रा समेत विशेष टीम जल्द यूएई रवाना होगी. टीम के विदेश असाइनमेंट से जुड़े सभी जरूरी दस्तावेज तैयार हो चुके हैं. बता दें कि विकास अग्रवाल पर डिस्टिलरी और एफएल-10 लाइसेंस धारकों से कमीशन वसूली का आरोप है. विकास अग्रवाल अनवर ढेबर तक अवैध फंड पहुंचाने की मुख्य कड़ी माना जा रहा है।

अब यूएई से भारत लाने की तैयारी

सीएम साय करेंगे डिजिटल क्रिएटर्स का सम्मान



रायपुर, 25 नवम्बर (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज विभिन्न समीक्षा बैठकों और स्टेट क्रिएटर एंड इन्फ्लुएंसर अवॉर्ड्स 2026 में शामिल होंगे. निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक वह मंत्रालय, महानदी भवन में दोपहर 12:30 बजे से 2 बजे तक पारस पोर्टल की समीक्षा बैठक लेंगे. इसके बाद दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक उच्च शिक्षा और विज्ञान एंव प्रौद्यिगिकी की समीक्षा करेंगे. वहीं नीजी होटल में आयोजित स्टेट क्रिएटर एंड इन्फ्लुएंसर अवॉर्ड्स में शामिल होंगे.

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिएटर एंड इन्फ्लुएंसर अवॉर्ड्स 2026 का आयोजन आज किया जाएगा. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रदेश के यूट्यूबर्स, इंस्टाग्रामर्स और डिजिटल इन्फ्लुएंसर्स को सम्मानित करेंगे. समारोह में 16 मुख्य अवॉर्ड और 46 उपश्रेणियों में उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मान दिया जाएगा. विजेताओं को 10 लाख रुपये से अधिक की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी. कार्यक्रम में नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड के 6 विजेता भी शामिल होंगे. वहीं प्रसिद्ध डिजिटल क्रिएटर राज शमानी और आरजे शरत वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे. समारोह में भजन क्लबिंग के जरिए भक्ति और संगीत का अनूठा संगम देखने को मिलेगा. इसके साथ ही बस्तर रैम्प वॉक के माध्यम से आदिवासी संस्कृति और पारंपरिक वेशभूषा की झलक भी दिखाई जाएगी.

नवजात खरीद-फरोख्त मामला, पुलिस की जांच में और हो रहे खुलासे, ओडिशा में छापेमारी के बाद युवक हिरासत में



- डेढ़ लाख में खरीदी गई बच्ची- डीएनए से होगी पहचान
- ऊंची जाति के बच्चों की डिमांड, प्रमाण-पत्र में फर्जीवाड़ा

रायपुर, 25 नवम्बर (हाईवे चैनल)। नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त के मामले में पुलिस की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे नए खुलासे हो रहे हैं। अब तक सात आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है, और जांच में संगठित नेटवर्क के संकेत मिले हैं।

पुलिस की टीम 24 नवंबर को ओडिशा में उस महिला के घर पहुंची, जिसने बच्चे को जन्म दिया था। गिरोह ने उसके नवजात को बेचने का प्रयास किया था। पुलिस ने महिला के परिजनों के बयान दर्ज किए हैं। साथ ही एक युवक को हिरासत में लिया है। आरोप है कि युवक ने मुफ्त में डिलीवरी कराने का झांसा देकर महिला को गिरोह तक पहुंचाया था। आजाद चौक थाने में दर्ज मामले में पुलिस ने पूर्व में जितेंद्र खेतान को गिरफ्तार किया था। वह सिंडिकेट से बच्चे खरीदकर आगे सौदे कराने के लिए दलाली करता था।पूछताछ के बाद पुलिस की टीम महासमुंद, ओडिशा और बिलासपुर गई है। जांच में सामने आयाजितेंद्र ने खुद एक बच्चा खरीदा था। इसके अलावा उसने गिरोह से खरीदकर तीन बच्चों को बेचा भी था। पुलिस अब उन तीन दंपत्तियों की तलाश कर रही है। उसके बताए पतों पर पुलिस की टीम पहुंच गई है। तीन दंपत्तियों के बयान दर्ज करने के साथ पुलिस बच्चों को बरामद कर आगे की कानूनी कार्रवाई करेगी।

कृतिका से डेढ़ लाख रुपये में एक बच्ची खरीदी थी। पुलिस ने इस बच्ची को सुरक्षित बरामद कर लिया है। अब डीएनए जांच के माध्यम से उसकी वास्तविक मां की पहचान की जाएगी।

सबसे चौंकाने वाला खुलासा यही है कि सिंडिकेट में ऊंची जाति के बच्चों की मांग की जाती थी। इसी मांग को पूरा करने के लिए बच्चों के जन्म प्रमाण-पत्र में जाति संबंधी जानकारी में फर्जीवाड़ा कर उन्हें बेचने का खेल चल रहा था। पुलिस अब तीनों दंपत्तियों, बेचे गए बच्चों और फर्जी प्रमाण-पत्र बनाने वाले नेटवर्क की कड़ियां जोड़ रही है। एक बात साफ है, ये अकेले एक-दो लोगों का खेल नहीं, पूरा संगठित सिंडिकेट इस काम में लगा रहा।

सीजेपी नेता सौरव दास ने विदेश जाने से रोकने के फैसले को हाईकोर्ट में दी चुनौती, कल होगी सुनवाई

नई दिल्ली, 25 नवम्बर (न्यूज चैनल)। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के सह-संयोजक सौरव दास ने विदेश जाने से रोकने के केंद्र सरकार के कदम के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने तुरंत सुनवाई की मांग की। सौरव दास के वकील ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नितिन वासुदेव साम्ब्रे और न्यायमूर्ति संजय शर्मा की पीठ के समक्ष यह मामला रखा और तत्काल सुनवाई की मांग की। हालांकि, कोर्ट ने आज इस पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया और कहा कि मामले की सुनवाई गुरुवार को होगी। 23 नवंबर को सौरव दास को दिल्ली एयरपोर्ट पर लंदन जाने वाली फ्लाइट में सवार होने से रोक दिया गया था। सौरव दास ने आरोप लगाया कि उन्हें दिल्ली एयरपोर्ट पर रोक दिया गया। सौरव दास के अनुसार, उन्हें लंदन जाने वाली उड़ान में सवार होने से रोक दिया गया, जहां उन्हें ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम को संबोधित करना था। उन्होंने इस कार्रवाई के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए इसे अनुचित बताया।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, यूपी में कांग्रेस-सपा के बीच सीट बंटवारे को लेकर खींचातानी चल रही है।

चुहिया- हां जी, यही तो मौका है जब दोनों पार्टी अपनी-अपनी औकात बता सकते हैं।

सपा ने घोषित किए 5 उम्मीदवार, कांग्रेस नेता इमरान मसूद बोले- हम भीख नहीं मांग रहे

नई दिल्ली, 25 नवम्बर (न्यूज चैनल)। समाजवादी पार्टी (सपा) ने उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले मंगलवार रात को पांच सीट पर अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी, जबकि सहयोगी कांग्रेस के साथ सीट के बंटवारे पर उसकी बातचीत अभी जारी है। सपा के इस कदम पर नाराजगी जताते हुए कांग्रेस की राज्य कार्यसमिति के प्रमुख इमरान मसूद ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ''हम भीख नहीं मांग रहे हैं।'' मसूद इस बात से खासे नाराज हैं कि जिन पांच सीट पर सपा ने उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं, उनमें सहारनपुर भी शामिल है, जो उनका लोकसभा क्षेत्र है। कांग्रेस नेता ने कहा कि वह पार्टी नेतृत्व से चर्चा करेंगे कि क्या सपा के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत आगे जारी रखनी चाहिए या नहीं।

सपा की इस घोषणा पर अपनी नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा, ''जब एक तरफ आप बातचीत कर रहे हैं और दूसरी तरफ उम्मीदवारों की घोषणा कर रहे हैं, तो इससे पता चलता है कि आप गंभीर नहीं हैं।'' उन्होंने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, ''हम अपनी पार्टी के भीतर चर्चा करेंगे कि आगे क्या करना है और क्या हमें बातचीत के लिए बैठना चाहिए या नहीं। पार्टी ही तय करेगी कि आगे क्या कदम उठाना है।'' दिल्ली में मंगलवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी के आवास पर पहले दौर की बातचीत हुई, जो बेनतीजा रही। इसमें सपा ने 26 सीट का प्रस्ताव दिया, जो कांग्रेस की उम्मीदों से बहुत कम था। गठबंधन सहयोगी की मंशा पर सवाल उठाते हुए मसूद ने कहा, ''मुझे समझ नहीं आ रहा कि आप मुझसे लड़ना चाहते हैं, कांग्रेस से लड़ना चाहते हैं या भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) से। यह तय होना चाहिए कि हम भाजपा से लड़ना चाहते हैं या आपस में ही लड़ना चाहते हैं।'' सपा ने मंगलवार रात जिन पांच सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा की, उनमें से चार पर अभी उसके विधायक हैं - सहारनपुर से आशु मलिक, कैराना से नाहिद हसन, बेहट से उमर अली खान और अमरोहा से महबूब अली। ये सभी सीट पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हैं, जहां सपा को भाजपा और उसके सहयोगी दल राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) से चुनौती मिलने की उम्मीद है।

जेनिफर बैरेटो को मिला मिस यूनिवर्स 2026 का खिताब



नई दिल्ली, 25 नवम्बर (न्यूज चैनल)। मिस यूनिवर्स 2026 की विजेता का एलान हो गया है। प्यूर्टो रिको की जेनिफर बैरेटो ने 75वें संस्करण का खिताब अपने नाम किया है। मेक्सिको की फातिमा बॉश ने उन्हें ताज पहनाया है। भारत की काजिया लिज मेजो इस प्रतियोगिता में विजेता बनने से चुक गई हैं। भारत की तरफ से मिस यूनिवर्स 2026 प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली काजिया लिज मेजो ताज अपने नाम करने से चूक गईं। प्रतियोगिता में मेलिसा नुनेज फर्स्ट रनर-अप रहीं, वहीं क्लारा वेगास गोएट्ज सेकंड रनर-अप रहीं। टॉप 5 फाइनलिस्ट में फिलीपींस, न्यूजीलैंड, वेनेजुएला, डोमिनिकन रिपब्लिक और प्यूर्टो रिको की सुंदरियां थीं।

जेनिफर बैरेटो का जीवन केवल इस सौंदर्य प्रतियोगिता तक ही सीमित नहीं है। उनकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि भी बहुत शानदार है। उनके पास मनोविज्ञान और सामाजिक कार्य (सोशल वर्क) में डिग्री है। वह एक %प्रिवेंशन स्पेशलिस्ट% के रूप में काम करती हैं। जेनिफर ने अपने करियर की शुरुआत 2021 में टेक्सास के फोर्ट हुड में अमेरिकी रक्षा विभाग के साथ की थी। उन्होंने कार्ल आर. डार्नल आर्मी मेडिकल सेंटर में स्वयंसेवक (वॉलंटियर) के रूप में भी काम किया है। बैरेटो का पेशेवर काम मुख्य रूप से सैन्य परिवारों को सहयोग देने, घरेलू हिंसा और बाल दुर्व्यवहार के मुद्दों को सुलझाने और समुदाय-आधारित रोकथाम रणनीतियां विकसित करने से जुड़ा है। जेनिफर ने अमेरिकी सेना के सार्जेंट यान कार्लोस बैरेटो काल्डेरोन से शादी की है, जो इसाबेला के रहने वाले हैं। 2019 में यह दंपति एक बेटी के माता-पिता बने।

CMYK